## 8652 - रोज़ेदार व्यक्ति का इंजेक्शन लगवाना

### प्रश्न

रमज़ान में दिन के दौरान इंजेक्शन द्वारा चिकित्सा-उपचार करने का क्या हुक्म है, चाहे वह पोषण (ताक़त) के लिए हो, या चिकित्सा के लिए हो?

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

रमज़ान में दिन के दौरान एक रोज़ेदार व्यक्ति के लिए मांसपेशियों (इंट्रामस्क्युलर) और नसों में (इंट्रावीनस) इंजेक्शन के द्वारा उपचार करना जायज़ है। लेकिन रोज़ेदार के लिए रमज़ान में दिन के दौरान पोषण (ताक़त) का इंजेक्शन लेना जायज नहीं है। क्योंकि वह खाने और पीने के हुक्म के अंतर्गत आता है। इसलिए इन इंजेक्शनों को लेना रमज़ान में रोज़ा तोड़ने का एक बहाना समझा जाता है। अगर रात के समय मांसपेशियों (इंट्रामस्क्युलर) या नसों में (इंट्रावीनस) इंजेक्शन लेना संभव है, तो यह बेहतर है।

और अल्लाह ही सामर्थ्य प्रदान करने वाला है।